# व्यापारी पर हमले के आरोपी ने चिकित्सालय में तोड़फोड़ की

## महिला चिकित्साकर्मी एवं मरीज सहमे, पुलिसकर्मी की अंगुली को चबाया

**मंडावरी/लालसोट, (निसं)।** कस्बे स्थित उप जिला अस्पताल में व्यापारी पर हमले के एक आरोपी युवक मन्नू माली द्वारा थानाधिकारी सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में जमकर तोड़फोड़ की गई एवं उत्पात मचाते हुए हंगामा खड़ा कर हाईवोल्टेज ड्रामा कर दिया।

मामले के अनुसार दो युवकों द्वारा एक व्यापारी आयुष साहू पर हमला कर मारपीट की गई थी। जहां पीड़ित द्वारा थाने में शिकायत देने के बाद पुलिस द्वारा हमले के एक आरोपी मन्नू माली को पकड़ लिया गया था। पुलिस द्वारा जिस समय आरोपी को पकड़ा गया उस दौरान एक पुलिसकर्मी की हाथ की एक उंगली को दांतों से चबाने का भी प्रयास किया गया था जिसके कारण पुलिसकर्मी के उंगली पर चोट आई थी।

इसके बाद थाना अधिकारी धर्मेंद्र मीणा एवं पुलिसकर्मी हमले के आरोपी युवक को उप जिला अस्पताल मेडिकल कराने के लिए लेकर पहुंचे। लेकिन आरोपी युवक द्वारा अस्पताल में जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया गया। आरोपी युवक द्वारा पुलिस एवं महिला चिकित्साकर्मी सहित वहां मौजूद मरीजों की मौजूदगी में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के साथ जोर जोर से पुलिस कर्मियों को गाली-गलौज भी की गई जिसके चलते चिकित्सक व महिला चिकित्सा कर्मी एवं मरीज सहम गए। थाना अधिकारी सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मियों की मौजूदगी होने पर भी व्यापारी पर हमले व मारपीट के आरोपी बेकाबू हो रहे युवक को पुलिस को भी संभालना भारी पड़ रहा था।

आरोपी युवक ने अस्पताल में मौजूद पुलिसकर्मियों की पकड़ से छूटकर अस्पताल के गेट के शीशे को तोड़ दिया एवं मरीज के बैठने के लिए रखी कुर्सियों को भी तोड़कर पुलिस के पुलिसकर्मियों पर फेंकने की कोशिश की जहां मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा खुद का बचाव कर आरोपी युवक को काबू में किया। वहीं व्यापारी से हमला हुआ मारपीट के आरोपी युवक द्वारा देर रात अब्दुल अस्पताल में तोड़फोड़ में हंगामा के हाई वोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए काफी भीड़ भी एकत्र हो गई। इसके बाद आरोपी युवक को पुलिस उप जिला अस्पताल से थाने ले गई एवं शांति भंग में गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर उप जिला चिकित्सालय के प्रभारी नरेंद्र मीणा ने कहा कि युवक द्वारा अस्पताल में तोड़फोड़ की गई है उसको लेकर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

वहीं मामले को लेकर थानाधिकारी धर्मेंद्र मीणा ने कहा कि फिलहाल अस्पताल में तोड़फोड़ करने एवं पुलिस कर्मी की उंगली पर बाइट करने सहित व्यापारी युवक पर हमले करने एवं मारपीट करने के आरोपी युवक को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया है। व्यापारी पर हमले में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। पूरी घटना से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है उच्च अधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद अन्य कार्रवाई की जाएगी।

■ पुलिसकर्मी आरोपी युवक को उप जिला अस्पताल मेडिकल कराने के लिए लेकर पहुंचे थे



व्यापारी पर हमले के आरोपी ने पुलिस की मौजूदगी में राजकीय अस्पताल में रखी कुर्सियों को तोड़ दिया व मुख्य गेट के शीशे को तोड़ दिया।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज

**बीदासर, (निसं)।** तहसील के ग्रामीण क्षेत्र की अनुसूचित जाति की नाबालिग के साथ दो युवकों द्वारा झोपड़े में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला मंगलवार की देर रात नाबालिग की मां ने दर्ज करवाया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिग की मां ने मामला दर्ज करवाया कि मैं अपने परिवार सहित अपने खेत में बनी ढाणी में निवास करती हूं। मेरे पति कारीगरी का कार्य करते हैं और मजदूरी के सिलसिले में सीकर जिले के गांव सांवलोदा पुरोहितान में कारीगरी का कार्य करने के लिए गये हुए थे। 11 दिसम्बर को दोपहर करीब 12 बजे मैं अपने घर का आवश्यक घरेलु सामान लेने हेतु ग्राम सारंगसर गयी हुई थी मेरी बकरियां पशुधन मेरे खेत पड़ौसी के खेत में चरने हेतु चली गई थी।

इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे के आसपास मेरे खेत पड़ौसी व उसका साथी खेत में पेड़ की छंगाई रहे थे। तब मेरी बकरियां चरते-चरते उसके जमीन पर गिर रही आड़ू की पत्तियां खाने लगी तो खेत पड़ौसी ने मेरी नाबालिग पुत्री को धमकाते हुए आवाजें दी कि तुम्हारी बकरियां मेरा आड़ू खा रही है। तुम इन्हें यहां से ले जाओ वरना मैं इनको गांव में छोड़कर आ जाउंगा। तब मेरी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष अपने पशुधन खेत पड़ौसी के खेत में गई तो खेत पड़ौसी और उसका साथी ने मेरी नाबालिग पुत्री को जबरदस्ती पकड़ लिया और खेत पड़ौसी ने उसे अपने खेत में बने झोंपड़े में ले गया। तथा मेरी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया।

मेरी पुत्री नहीं दिखी तो मैंने उसे आवाज लगाई तो इतने में खेत पड़ौसी व उसका साथी झोंपड़े में से निकल कर मोटरसाईकिल लेकर वहां से भागे तो मैंने पीछे से झोंपड़े में जाकर देखा तो मेरी नाबालिग पुत्री वहां पर बेहोश पड़ी थी। उसने रोते-रोते मुझे अपनी सम्पूर्ण आपबीती बताई तो मैंने इस बारे में अपने पति को जानकारी दी। पुलिस ने नाबालिग की मां की रिपोर्ट पर दो युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अधेड़ ने आत्महत्या की

**बीदासर, (निसं)।** निकटवर्ती गांव ढढैरू गोदारान की खेत रोही में मंगलवार की दोपहर के बाद 40 वर्षिय सुखाराम ने खेजड़ी के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक के बड़े भाई बालाराम ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट दी कि मेरा छोटा भाई सुखाराम खेत में काम करने के लिये गया था तथा दोपहर में खेत में पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला दर्ज करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर झुलते युवक को ग्रामीणो के सहयोग से मृतक के शव को निचे उतरवाकर राजकीय सीएचसी में देर शाम पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनो को सौप दिया।

# 14 गौवंश मुक्त करा ट्रक जब्त किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के ग्राम जेजुसर में मुकुन्दगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गौवंश से भरे एक ट्रक को जब्त कर 14 गौवंश को मुक्त करवाया गया है। वहीं गौवंश तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक झुंझुनू देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के निर्देशानुसार एएसपी गिरधारीलाल शर्मा के मार्गदर्शन व डीवाईएसपी नवलगढ़ राव आनंद के सुपरविजन में थानाधिकारी मुकुन्दगढ़ सरदारमल जाट द्वारा कार्रवाई करते हुए 14 गौवंश को मुक्त करवाया तथा ट्रक को जब्त किया गया। थानाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना पर ग्राम जेजुसर से गोकशी हेतु तस्करी के लिए ट्रक में डाली जा रही 14 गौवंश को मुक्त करवाया जाकर गौशाला में छोड़ा गया व आरोपी कपिल ऐचरा निवासी जेजुसर व अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर ट्रक को जब्त किया गया है वहीं आरोपी मौके से फरार हो गये जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

■ आरोपी फरार हो गये जिनकी पुलिस तलाश कर रही है

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी ने इंदौर में ट्रक पर ड्राइवरी कर फरारी काटी

**चिड़ावा, (निसं)।** क्षेत्र के खुडोत निवासी युवक की मारपीट से हत्या के मामले में आरोपी को चिड़ावा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खुडोत निवासी बबलू भार्गव ने रिपोर्ट दी थी कि 29 सितंबर को खुडोत निवासी मान सिंह और राम सिंह ने उसके ताऊ के लड़के काशीराम के साथ गांव के जीओ टावर के पास शराब के नशे में मारपीट की।

30 सितंबर को फिर से काशीराम के साथ रंजिशवश शराब के ठेके के पास लाठी, सरियों से मारपीट की। जिससे काशीराम गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन पहले काशीराम को झुंझुनूं और फिर जयपुर ले गए। जहां इलाज के दौरान 3 अक्टूबर को युवक की मौत हो गई। युवक की मृत्यु के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में अलग अलग टीमों का गठन किया। इस बीच पुलिस को सूचना लगी कि हत्या का आरोपी मान सिंह अपने घर आया हुआ है। जिस पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी मान सिंह को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद सामने आया कि आरोपी ने इंदौर में ट्रक पर ड्राइवर कर फरारी काटी। मान सिंह के खिलाफ चिड़ावा थाने में पहले से मारपीट और हत्या के प्रयास के पांच मामले दर्ज हैं। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में सीआई विनोद सामरिया, हेड कांस्टेबल बलबीर चावला, अमित सिहाग, विकास, अंकित और महेंद्र कुमार शामिल रहे।



चिड़ावा पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

# गौरू भील की मौत मामले में कार्रवाई की मांग

**बूंदी, (निसं)।** डाबी क्षेत्र के करांदी में हुई गौरू भील की मौत मामले में पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए युवा नेता रुपेश शर्मा ने निर्दोष फंसे नहीं, दोषी बचे नहीं की इसी भावना से हो मामले की निष्पक्ष जांच की बात कही।

युवा नेता रुपेश शर्मा ने यहां युवा नेता रुपेश शर्मा के साथ बूंदी नगर परिषद् के पार्षद संदीप देवगन, सर्व ब्राह्मण युवा शाखा के जिलाध्यक्ष पीयूष शर्मा, लोकेश कुमार योगी, अनिल शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, गोविंद जोशी, रामलाल मीणा, रामलक्ष्मण मीणा के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सोहन लाल व पुलिस अधीक्षक जय यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। शर्मा ने बताया कि गत गुरुवार रात करोन्दी गांव में ट्रेक्टर ड्राइवर गौरूलाल भील की मौत हो गई थी। जिसमें धारा 302 व एससी एसटी एक्ट में करौंदी निवासी ट्रेक्टर मालिक महादेव गुर्जर को डाबी थाने में गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है और मामले को लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है।

# मांगों को लेकर महाविद्यालय की छात्राएं धरने पर बैठी

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** सेठ मुरलीधर कन्या महाविद्यालय में बुधवार को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर महाविद्यालय की सैकड़ों छात्राएं अध्यक्ष सुमित्रा पुर्बिया के नेतृत्व में धरने पर बैठ गई और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

■ तीन सूत्री मांगे पूरी नहीं होने पर करेंगी आंदोलन

छात्राओं ने एक ज्ञापन भी प्राचार्य के नाम दिया है जिसमें बताया कि महाविद्यालय के स्टाफ का समय 10:00 बजे का है, लेकिन स्टाफ महाविद्यालय में काफी देर बाद आते हैं। महाविद्यालय में कार्यालय की खिड़कियां तय समय पर नहीं खुलती है जिसके चलते छात्राओं को काफी परेशानियां होती है।

महाविद्यालय के स्टाफ, कर्मचारियों द्वारा छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है एवं उनके कार्य समय पर नहीं किए जाते हैं। छात्राओं को कहना है कि यदि स्टाफ के रवैया में सुधार और सुविधाओं का शीघ्र ही समाधान नहीं किया गया तो छात्राएं आगे आंदोलन करेंगी। छात्राओं का प्रदर्शन काफी देर जारी रहा बाद में प्राचार्य की समझाइश और ज्ञापन लेने के बाद मांगें मानने के आश्वासन पर छात्राओं का धरना समाप्त हुआ। इस दौरान छात्रसंघ महासचिव माया पुर्बिया, हर्षिता शर्मा, पूजा शर्मा, अनीता लोहार सहित दर्जनों छात्राएं मौजूद रही।



सेठ मुरलीधर कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राचार्य को ज्ञापन दिया।

# बैंक में बुजुर्ग की जेब कटी

**सादुलपुर, (निसं)।** कस्बा सादुलपुर के एसबीआई बैंक से 4. हजार रूपये निकालकर जेब में डालने के बाद एचडीएफसी के एटीएम से रूपये निकालते समय एक व्यक्ति के अज्ञात युवको द्वारा बैग में रखे 40 हजार रूपये निकालकर फरार हो गये।

प्रकरण अनुसार बुधवार दोपहर को गाँव किशनपुरा निवासी प्रेमदास स्वामी सादुलपुर के एसबीआई बैंक से अपने खाते से पैसा निकाल कर बैंक से निकला तो दो अज्ञात युवकों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया तथा बिना किसी डर भय के भीड का फायदा उठाकर एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रूपये निकालते समय प्रेमदास स्वामी की जेब को काटकर 40 हजार रुपए निकालकर फरार हो गए। प्रेमदास स्वामी ने बताया कि उन्होंने एसबीआई बैंक से पर्ची भरकर अपने खाते से 50 हजार रुपए, निकालकर अपनी बेग में रख लिया। तथा 40 हजार रुपए एटीएम काउंटर से नगद निकलवाए तथा पैसों की गिनती कर अपनी जेब में रख लिया।



पीड़ित प्रेमदास स्वामी

■ बैग में रखे 40 हजार रूपये निकालकर फरार हो गये

जिसके बाद वह बैंक से निकलकर एचडीएफसी बैंक जाकर अपने खाते से बीस हजार रुपए ओर निकलवाकर एक दुकानदार को पैसे देने आया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जाँच से पता चला कि बैंक से निकलने के बाद उसके पीछे दो युवक लगे हुए थे। जिन्होंने भीड का फायदा उठाकर उसकी जेब से 40 हजार रूपये निकाल कर फरार हो गए।

प्रेमदास स्वामी ने बताया कि हालांकि पुलिस ने सूचना मिलते ही बैंक पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जाँच की है, जिसमें दो अज्ञात युवक उनका पीछा करते हुए दिखाई दे रहे हैं तथा भीड का फायदा उठाकर उनकी जेब से 40 हजार रूपये निकालकर भागते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। देर शाम तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# सम्पतियों को बेचने के विरोध में प्रदर्शन

**जोधपुर, (कासं)।** बीएसएनएल की सम्पतियों को बेचने के विरोध में नेशनल फैडरेशन ऑफ टेलीकॉम एम्पलाइज बी.एस.एन.एल. (एनएफटीई बीएसएनएल) के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि एएलटीटीसी गाजियाबाद ट्रैनिंग सेंटर बीएसएनएल की संपत्ति को डीओटी द्वारा हड़प कर किसी पूंजीपति को बेचने के विरोध में एयूबी बीएसएनएल की सभी यूनियनों एवं एसोसिएशन) ने लंच टाईम में प्रदर्शन किया गया है।

# वारदात से पहले दो आरोपियों को दबोचा

**मेड़ता सिटी, (नि.सं.)।** मेड़ता पुलिस थाना ने अवैध हथियारों की रोकथाम को लेकर विशेष कार्रवाई की है जिसके तहत पुलिस ने सातलावास क्षेत्र से एक पिस्टल तथा दो कारतूस बरामद करने के साथ ही दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस की ओर से इस मामले की जांच की जा रही है।

मेड़ता थानाधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान डीएसटी इंचार्ज विजय सिंह ने सूचना दी कि कात्यासनी स्कूल के पास दो व्यक्ति अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं, पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को पकड़ लिया और उनकी तलाशी ली तो उनके पास हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में सुरपुरा निवासी दीपेन्द्र सिंह उर्फ कुलदीपसिंह (19) पुत्र जब्बर सिंह राजपूत और कात्यासनी निवासी मनीष उर्फ मणिया (19) पुत्र देवकरण मेघवाल को बुधवार देर शाम तक गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी दीपेन्द्र की ओर से पिस्टल अपने गांव में चल रही रंजिश के चलते बदले की कार्रवाई के लिए खरीदी थी। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया कि वह अपने पिता की हत्या का बदला लेना चाहता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल व दो कारतूस जब्त किए है। अभी पुलिस की ओर से मामले की इंवेस्टिगेशन की जा रही है।

कार्रवाई में प्रमोद कुमार शर्मा मेड़ता थानाधिकारी, विजय सिंह डी एस टी प्रभारी, बुधाराम, प्रकाश, अमराराम, कमलकिशोर, रामकिशन, बलदेव, कालूराम कानि. का विशेष योगदान रहा।

■ पिस्टल व दो कारतूस बरामद, पिता की हत्या का बदला लेने के लिए खरीदी थी पिस्टल

# किस्तें जमा करवाने के बाद भी उठा ले गए गाड़ी

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी थाना क्षेत्र के मोडको गांव में गाड़ी की किस्ते जमा करने के बावजूद भी गाड़ी उठा ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गाड़ी मालिक की ओर से फाइनेंस कंपनी के मैनेजर व कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी से गाड़ी हड़पने का मामला दर्ज करवाया गया है।

■ गाड़ी मालिक ने फाइनेंस कंपनी के मैनेजर व कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया

सीआई आसाराम गुर्जर ने बताया कि मोडकी निवासी मुकेश कुमार ने रिपोर्ट दी की उसने अपनी गाड़ी का इंक्रीटास स्मॉल फाइनेंस से लोन करवा रखा था, जिसकी वह समय-समय पर किस्त जमा करवा रहा था। गाड़ी की किस्त लेने के लिए फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी नरेश कुमार उसके घर आकर किस लेकर जाता था, लेकिन उसने ब्रांच मैनेजर के साथ मिलकर गाड़ी की किस्त बैंक में जमा नहीं करवाई और बिना नोटिस दिए उसकी गाड़ी उठा ली गई। जब गाड़ी मालिक ने फाइनेंस कंपनी में जाकर गाड़ी उठाने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि गाड़ी की किस्ते डयू चल रही है। जब उसने समय-समय पर जमा करवाई गई किस्तों के बारे में जानकारी दी तो उन लोगों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पीड़ित ने बताया कि समय-समय पर किस्त जमा करवाने के बावजूद भी जबरन उसकी गाड़ी को उठा ले गए और उसके जमा करवाए गए रुपए भी हड़प लिए गए। जिसको लेकर उसने गाड़ी वापस देने की मांग की तो उन्होंने गाड़ी देने से भी मना कर दिया।

समस्या से परेशान होकर पीड़ित ने एसपी झुंझुनू से मिलकर समस्या से अवगत करवाया और आरोपियों द्वारा की गई धोखाधड़ी को लेकर कर्मचारी नरेश कुमार व ब्रांच मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। थानाधिकारी ने बताया कि पीड़ित नरेश कुमार की ओर से दी गई रिपोर्ट पर फाइनेंस कंपनी के दो कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया है।

# खेतड़ी में 13वां विरासत दिवस समारोहपूर्वक मनाया

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे में रामकृष्ण मिशन की ओर से विरासत दिवस समारोह मनाया गया। समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए रामकृष्ण मिशन के कार्यकर्ताओं की ओर ऐतिहासिक पन्ना शाह तालाब को भव्य रूप से सजाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमकाथाना कलेक्टर श्रुति भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज, शिक्षाविद् अशोक सिंह शेखावत थे, जबकि अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने की। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रुति भारद्वाज ने कहा कि यह खेतड़ी का सौभाग्य है कि इस पावन धरा पर दो महान विभूतियों ने अपनी दोस्ती से पूरे विश्व में अलग पहचान बनाई थी। ऐसी महान विभूतियां इतिहास में बहुत कम देखने को मिलती है, जिन्होंने अपने जीवन को उदाहरण के तौर पर देश के सामने पेश किया है। स्वामी जी का एक संन्यासी जीवन अनुशासन से भरपूर था और राष्ट्र को समर्पित था, जिससे भारतीय संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय ख्याति हासिल कर पाया। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुशासन व लगन होने का जज्बा होना चाहिए। युवाओं को इन महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर जीवन की राह बदलने में सहायक होती है। खेतड़ी में बना अजीत विवेक संग्रहालय यहां आने वाले लोगों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी देता है।



खेतड़ी कस्बे में रामकृष्ण मिशन की ओर से विरासत दिवस समारोह मनाया गया।

■ पांच हजार दीपक जलाकर जगमग किया ऐतिहासिक पन्ना शाह तालाब

■ स्वामी विवेकानंद व राजा अजीत सिंह की निकाली झांकियां

मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के खेतड़ी में आने के 125 वर्ष पूर्ण होने पर 13वां खेतड़ी विरासत दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद व देश को सनातन धर्म की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने में खेतड़ी विरासत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नरेश अजीत सिंह के सहयोग से स्वामी विवेकानंद 1893 में शिकागो धर्म सम्मेलन में पहुंचे थे, जहां उन्होंने सनातन धर्म संस्कृति का परचम लहराते हुए देश को विश्व में विख्यात कर दिया था। राजा अजीत सिंह व स्वामी विवेकानंद की गहरी मित्रता के चलते खेतड़ी को अलग पहचान मिल पाई थी, जिसकी बदौलत खेतड़ी आज भी दो महान विभूतियों की दोस्ती और उनकी यादों को चिरस्थाई बनाने के लिए इस प्रकार के ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

इस दौरान खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल के सामने लगी राजा अजीत सिंह के प्रतिमा के सामने से स्वामी विवेकानंद व राजा अजीत सिंह की संजीव झांकियां शुरू की गई, जो पूरे कस्बे से होते हुए ऐतिहासिक पन्ना शाह तालाब पर पहुंची, जहां पांच हजार दीपक जलाकर पन्ना शाह तालाब पर विरासत दिवस समारोह मनाया गया।

खेतड़ी में विरासत दिवस पर होने वाले कार्यक्रम भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में अपनी अलग पहचान रखते हैं। वहीं क्षेत्र की जनता को भी धर्म व संस्कृति के प्रति आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस मौके पर एसडीएम जय सिंह चौधरी, पार्षद लीलाधर सैनी, सुधीर गुप्ता, राजेंद्र यादव, महावीर प्रसाद, अमित सैनी, रमाकांत वर्मा, एसआई सुनील सैनी, विजेश कुमार, रविन्द्र सैनी, योगेश सोनी, प्रदीप झुंझुनूवाला, तरुण सहित अनेक लोग मौजूद थे।